# ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ–2017
# Model Question paper-2017

**CCE RF**
**CCE RR**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ: 61H**

**Code No: 61H**

**ವಿಷಯ:– ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ–ಹಿಂದಿ**

**Subject: Third language-HINDI**

**(ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ/New Syllabus)**

**(ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh + Regular Repeater)**

ಸಮಯ: ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9.30 ರಿಂದ ಮದ್ಯಾಹ್ನ 12.00 ರವರೆಗೆ — **Time: 9.30 to 12.00 Noon**

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು: 80 — **Maximum marks : 80**

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1. रेस्तराँ का मालिक कौन था ?
2. 'अभिनव मनुष्य' कविता के अनुसार परमाणु किसे देखकर काँपते हैं ?
3. रवींद्रनाथ को नोबेल पुरस्कार क्यों मिला ?
4. कर्नाटक को चन्दन का आगार क्यों कहते हैं ?
5. कवि दिनकर के अनुसार आधुनिक मनुष्य ने किस पर विजय पायी है ?
6. जानवरों के लिए तिम्मक्का दंपति ने क्या इंतजाम किया ?

II. 7. **स्तम्भ - क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ - ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

| **स्तम्भ - 'क'** | **स्तम्भ - 'ख'** |
|---|---|
| अ) अमरों की जननी | i) बेंगलूर |
| आ) ईमानदारों के सम्मेलन का उद्घाटन | ii) चिक-चिक |
| इ) कर्नाटक की पश्चिम दिशा में | iii) खनिजों से भरे हैं |
| ई) गिल्लू | iv) हरिशंकर परसाई |
| | v) विशाल अरबी समुद्र है । |
| | vi) मातृभूमि |
| | vii) काँव-काँव |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

8. गोरा रंग : यशोदा : : काला रंग :

9. तिम्मक्का : वृक्षप्रेमी : : चंद्रशेखर कंबार :

10. वर्चुअल मीटिंग रूम : विचार विनिमय : : ई गवर्नेंस :

11. बिजापुर का गोल गुंबज : वास्तुकला : : बेलूर हलेबीडू की मूर्तियाँ :

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

12. शांतिनिकेतन का आशय क्या था ?

13. तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी कौन-कौन हैं ?

14. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट कैसे मदद करता है ?

15. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ?

16. भीष्म साहनी अन्य बालकों से क्यों जलते थे ?

17. चप्पलों की चोरी से बचने के लिए ईमानदार डेलिगेट ने क्या सुझाव दिया ?

18. घोड़गेरी ग्राम को कुग्राम क्यों कहा गया है ?

19. दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

20. कृष्ण बलराम के साथ क्यों खेलना नहीं चाहता था ?

21. शनि किसका पुत्र है ? इसे शनैश्चर क्यों कहते हैं ?

**अथवा**

सत्य के बारे में गाँधीजी के विचार क्या है ?

22. समय को अमूल्य क्यों माना जाता है ?

**अथवा**

सत्य क्या है ? उसकी कल्पना क्या है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : $4 \times 3 = 12$

23. भिखारी और करोड़पति में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं और क्यों ?

24. तिम्मक्का एक आदर्श समाजसेविका है । कैसे ?

25. भारत माँ के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

राम नाम मणि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।

तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसि उजियार ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर **पाँच** या **छः** वाक्यों में लिखिए : 4

27. वसंत ईमानदार लड़का है । कैसे ?

**अथवा**

राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

प्रसार तेरी ...............................................

...........................................................

...........................................................

.......................................... गा रही हैं ।

**अथवा**

मुखिया .......................................... एक ।

पालै ................................. सहित विवेक ।।

## खण्ड - ख

### ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दियें गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर [illegible] . उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8

29. 'पढ़ना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है

(A) पढ़ाना (B) पढ़ाई

(C) पढ़ (D) पढ़वाना ।

30. 'औपचारिक' शब्द का विलोम शब्द है

(A) उपचार (B) आचार

(C) अनौपचारिक (D) उपकार ।

31. निम्न में से कौन शब्द स्त्रीलिंग का नहीं है ?

(A) मोरनी (B) नारी

(C) छात्र (D) युवती ।

32. दीर्घ संधि का उदाहरण है

(A) सदैव (B) देवालय

(C) परोपकार (D) नायक ।

33. 'पाप-पुण्य' किस समास का उदाहरण है ?

(A) कर्मधारय समास (B) तत्पुरुष समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) द्वन्द्व समास ।

34. 'पसीना बहाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) प्रसन्न रहना (B) पसीना छूटना

(C) बीड़ा उठाना (D) परिश्रम करना ।

35. निम्न में बहुवचन शब्द है

(A) कविता (B) आँख

(C) नदियाँ (D) लड़का ।

36. 'ताजमहल कहाँ है' इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा

(A) प्रश्न वाचक (B) पूर्ण विराम

(C) अल्प विराम (D) विस्मयादि बोधक ।

**खण्ड - ग**

**( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )**

VIII. 37. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

$4 \times 1 = 4$

मनुष्य सामाजिक प्राणी है । वह सभी कार्य अपने आप नहीं कर सकता है । वह दूसरों की सहायता लेता है । समाज में उसे अच्छे लोगों के साथ-साथ बुरे लोग भी मिलते हैं । यदि वह अच्छे लोगों की संगति में रहेगा तो उस पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा । बुरे लोगों की संगति का बुरा प्रभाव पड़ता है । बुरे लोग स्वयं अपनी हानि करते हैं और समाज को भी नुकसान पहुँचाते हैं । मनुष्य को चाहिए कि वह अच्छे लोगों के साथ उठे-बैठे और अच्छा फल प्राप्त करे ।

क) मनुष्य कैसा प्राणी है ?

ख) समाज में किस तरह के लोग रहते हैं ?

ग) अच्छे लोगों की संगति से क्या होता है ?

घ) अच्छा फल कैसे प्राप्त हो सकता है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में लिखिए : 4 × 1 = 4

38. रास्ते में भिखारी को एक छोटा बच्चा मिला ।

39. कर्नाटक में कन्नड भाषा बोली जाती है ।

40. रवींद्रनाथ श्रेष्ठ चित्रकार थे ।

41. शनि सौरमंडल का सर्वाधिक सुन्दर ग्रह है ।

X. 42. अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए । 4

**अथवा**

गाँव जाने के लिए चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक को एक पत्र लिखिए ।

XI. 43. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में कोई एक निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4

क) वन महोत्सव

* प्रस्तावना
* वृक्षों का उपयोग
* वनों से प्राप्त होनेवाली विभिन्न वस्तुएँ
* वनों के नाश का कारण
* उपसंहार ।

ख) मेरे प्रिय कवि / साहित्यकार

* विषय प्रवेश
* जीवन परिचय
* शिक्षा
* साहित्य में योगदान
* उपाधि पुरस्कार ।

ग) जनसंख्या की समस्या

* विषय प्रवेश
* जनसंख्या वृद्धि के कारण
* परिणाम
* उपचार
* उपसंहार ।